वर्ष- 02 अंक- 325
छपरा
11 अक्टूबर शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

dkk

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## जुबीन गर्ग मौत मामला, सिंगर के दो सिक्योरिटी ऑफिसर गिरफ्तार



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबीन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे।

पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान 1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से 70 लाख बोरा और 40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था। सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जुबीन के चचेरे भाई और DSP संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं।

जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी।

## काबुल में अपने मिशन को दूतावास का दर्जा देगा भारत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके अफगानी समकक्ष अमीर खान मुत्ताकी के बीच शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने इस वार्ता को अफगानिस्तान के साथ अपने संबंधों का पुनर्जागरण बताया और काबुल स्थित भारतीय मिशन को दूतावास का दर्जा दिए जाने की घोषणा की।

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी 09 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। आज उन्होंने विदेश मंत्री के साथ औपचारिक मुलाकात और वार्ता की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, एक निकटवर्ती पड़ोसी और जनता के शुभचिंतक के रूप में भारत को अफगानिस्तान के विकास और प्रगति में गहरी रुचि है।

## सबरीमाला गोल्ड चोरी मामले में केस दर्ज

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अब तक की जांच से लग रहा है कि सबरीमाला मंदिर के गेट पर रखी दो प्रतिमाओं (द्वारपालक) से सोने की हेराफेरी हुई है। कोर्ट ने मामले में क्रिमिनल केस दर्ज करने और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) को जांच शुरू करने का निर्देश दिया। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस के वी जयकुमार की बेंच ने स्ढ्रञ्ज को छह हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट दाखिल करने और हर दो हफ्ते में एक बार जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच से जुड़ी कोई भी जानकारी लीक नहीं होनी चाहिए। बेंच ने आगे कहा कि अब तक की जांच से पता चला है उन्नीकृष्णन पोट्टी (सोने की परत चढ़ाने की पेशकश करने वाले स्पांसर) को काफी मात्रा में सोना सौंपा गया था।

# राजस्थान-म.प्र. के शहरों में तापमान 15डिग्री पहुंचा



### ● पहाड़ों पर बर्फबारी, हिमाचल के केलोंग में पारा -1डिग्री दर्ज; मनाली-लेह हाईवे 4 दिन से बंद

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा का रुख बदल कर उत्तरी होने से ठंड ने दस्तक दे दी है।

हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। सुबह सर्द हवाओं के साथ हल्का कोहरा भी छाने लगा है।

मध्य प्रदेश का राजगढ़ गुरुवार को सबसे ठंडा रहा। यहां रात का पारा 15.6°C दर्ज हुआ। भोपाल का न्यूनतम तापमान 1.6°C गिरकर 18 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 2.4ए कम है।

राजस्थान के सिरोही में भी रात का तापमान 15.2ए रहा। सीकर में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री, पिलानी में 16.6 डिग्री और अजमेर में 16.9 डिग्री दर्ज किया गया।

**हिमाचल के लाहौल स्पीति में -1डिग्री तापमान :** हिमाचल प्रदेश में लगातार चार दिन बारिश और बर्फबारी के बाद गुरुवार को मौसम साफ रहा। हालांकि, कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा, मंडी, कांगड़ा और शिमला में बर्फ की चादर बिछी है। लाहौल-स्पीति के केलोंग में कल सबसे कम तापमान -1°C दर्ज किया गया। कुकुमसेरी में -0. 9°C तापमान रहा। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.8डिग्री और मनाली में 7.7 डिग्री दर्ज किया गया।

## हेमकुंड साहिब-लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बंद

### 2.74 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, श्रद्धालुओं की भीड़; अंतिम अरदास हुई



**चमोली ,एजेंसी।** चमोली स्थित श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए आज यानी 10 अक्टूबर को दोपहर एक बजे के बाद बंद कर दिए गए।कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे सुखमणि साहिब के पाठ के बाद से शुरू हुई। गुरुद्वारा साहिब और मंदिर को फूलों से सजाया गया है, और सबद-कीर्तन का आयोजन हुआ।कपाट बंद होने के समय ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिन्द्रा और 9वीं स्वतंत्र पर्वातारोहण बिग्रेड के बिग्रेड कमांडर एमएस ढिल्लों भी मौजूद रहे।इस साल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए थे और आज 10 अक्टूबर को बंद हुए।इस तरह हेमकुंड साहिब की यात्रा इस साल 139 दिन चली। हेमकुंड साहिब में गुरुवार तक 2 लाख 74 हजार 441 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।2024 में कुल दर्शनार्थियों की संख्या 1 लाख 83 हजार 722 थी। इस साल रिकॉर्ड बढ़ोतरी के पीछे बेहतर प्रबंधन और यात्रा मार्ग की सुरक्षा प्रमुख कारण मानी जा रही है। इसके साथ ही लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी दोपहर 12 :31 पर बंद कर दिए गए। वहीं पिछले दिनों हुई बर्फबारी से पूरा क्षेत्र बर्फ से ढका हुआ है।

# पश्चिम बंगाल में 'कोल्डरिफ' कफ सिरप की बिक्री पर रोक, मप्र में बच्चों की मौत के बाद उठाया कदम

**कोलकाता,एजेंसी।** मध्य प्रदेश में कथित रूप से 'कोल्डरिफ' कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत के बाद पश्चिम बंगाल में इसकी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए) ने राज्य के सभी खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं को इस कफ सिरप की खरीद-बिक्री बंद करने का निर्देश जारी किया। बीसीडीए के सचिव पृथ्वी बसु ने शुक्रवार को बताया कि मध्य प्रदेश में हुई घटना से जुड़ा बैच पश्चिम बंगाल में नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी दवा विक्रेताओं को इसके स्टॉक और बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दवा विक्रेताओं के साथ 11 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है ताकि इस पर और सख्त दिशा-निर्देश दिए जा सकें।यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देशभर में बिना पर्ची के मिलने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। 'कोल्डरिफ' सिरप का निर्माण तमिलनाडु स्थित एक दवा कंपनी द्वारा किया जाता है, जिसके निर्माता को बच्चों की मौत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना से पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में दहशत फैल गई थी।

रिपोर्टों के अनुसार, इस सिरप में प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और सोर्बिटोल जैसे रासायनिक तत्व पाए गए हैं। पश्चिम बंगाल राज्य औषध नियंत्रण प्राधिकरण ने निर्देश जारी किया है कि इन रासायनिक तत्वों की आपूर्ति केवल प्रमाणित विक्रेताओं से ही की जाए और इन्हें मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांचा जाए।



### मप्र में कफ सीरप से बच्चों की मौत की संख्या 23 तक पहुंची, गिरफ्तार फार्मा कंपनी मालिक को चेन्नई से छिंदवाड़ा लेकर पहुंची एसआईटी

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण किडनी संक्रमण से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस मामले में 'कोल्ड्रिफ' कफ सीरप बनाने वाली तमिलनाडु की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल के संचालक (मालिक) जी. रंगनाथन को मप्र की विशेष जांच टीम (एसआईटी) चेन्नई से ट्रांजिट रिमांड पर छिंदवाड़ा लेकर आई है। शुक्रवार को उसे यहां परासिया के कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। स्थानीय पुलिस कोर्ट परिसर के आसपास व्यवस्थाएं जुटाई जा रही हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से बीते एक माह से लगातार बच्चों की मौत हो रही है।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा केस की सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब मांगा, 6 साल पहले धारा-370 हटाई गई थी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकारक को चार हफ्ते का समय दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश सरकार मामले में बात कर रहे हैं।

कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है।

इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा था कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था।

तब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर का राज्य दर्जा बहाल करेगी। सरकार चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे पर काम कर रही है।



### कोर्ट ने कहा- जमीनी हकीकत को देखा जाएगा

पिछली सुनवाई में CJI ने कहा था कि कोर्ट सरकार के जवाब के बिना आगे नहीं बढ़ेगी।फैसला लेते समय सुरक्षा हालात और जमीनी स्थिति भी देखी जाएगी, सिर्फ संविधान की बहस पर फैसला नहीं होगा। कोर्ट ने सरकार को 8 हफ्तों में जवाब देने का समय दिया है। सीनियर एडवोकेट शंकर नारायणन ने कहा कि 11 दिसंबर 2023 के फैसले में कोर्ट ने निर्देश दिया था कि जम्मू-कश्मीर में सितंबर 2024 तक चुनाव कराए जाएं और फिर राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। लेकिन 21 महीने बीतने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई है।

### याचिकाकर्ता बोले- राज्य में हालात सामान्य

ये याचिकाएं प्रोफेसर जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की थीं। उन्होंने दलील दी कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक हो गए हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य की सुरक्षा व लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। लेकिन राज्य का दर्जा वापस न मिलने से वहां निर्वाचित सरकार का महत्व कम रहा है और यह संघीय ढांचे के तानाबाना को भी कमजोर कर रहा है।

# अयोध्या में धमाके से मकान ढहा, 5 की मौत



### ● मरने वालों में पिता, उसके 3 बच्चे; बॉडी के चीथड़े उड़े; 4 दिन में दूसरी बार ब्लास्ट

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर से करीब 25 किमी दूर पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम धमाके के बाद एक मकान पूरी तरह ढह गया। धमाके की गूंज एक किमी दूर तक सुनाई दी। मलबा 200 मीटर दूर तक बिखर गया। मकान के मलबे में दबकर पिता, दो बेटे, एक बेटी और साली की मौत हो गई। पिता के चीथड़े उड़ गए थे। वहीं, पत्नी लापता है।

घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के घरों को खाली कराया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है।

# लेह में हिंसा के 16 दिन बाद भी हालात खराब

### ● टूरिस्ट नहीं आ रहे, फिर भी दावा- सब नॉर्मल; आधी रात से इंटरनेट बहाल



**गुवाहाटी,एजेंसी।** साल के करीब 7-8 महीने पर्यटकों से भरा रहने वाला लेह का मुख्य बाजार सूना पड़ा है। होटल खाली हैं। 5 से 10 हजार वाले रूम 500 से 1 हजार रुपए के मामूली किराए में भी नहीं भर रहे। टैक्सी स्टैंड पर गाड़ियां खाली खड़ी हैं। जितने टूरिस्ट अभी यहां हैं, उससे 10 गुना ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। इंटरनेट बंद है। हमने ऐसी जिंदगी पहले कभी नहीं जी। हिंसा ने हमारे सीजन की खुशियां छीन लीं। और उप राज्यपाल दावा कर रहे हैं कि लेह में सब नॉर्मल है। जो हालात हैं, उसे हमारे लिए नॉर्मल नहीं कह सकते।

यह बात जब रिगजिन वाग्मो लेचिक बोल रही थीं, तब उनकी आंखों में आंसू थे। लेचिक ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन लेह की अध्यक्ष भी हैं। लेचिक ने बताया कि पहलगाम की घटना ने 50% टूरिस्ट को नुकसान पहुंचाया था, लेह की हिंसा में यह बढ़कर 80% हो गया है। 2000 गेस्टहाउस, होटल्स खाली पड़े हैं। लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50% है। अक्टूबर में हम अगले मार्च-अप्रैल की बुकिंग शुरू कर देते थे, लेकिन इस बार एक भी प्री-बुकिंग नहीं है।अगले कुछ दिन में बर्फीली ठंड शुरू होते ही यहां सबकुछ बंद हो जाएगा। हम आज नहीं कमाएंगे तो अगले छह महीने गुजारा कैसे करेंगे

लद्दाख की राजधानी लेह में स्थानीय लोगों के विरोध के बाद इंटरनेट सेवा गुरुवार रात बहाल कर दी गई।

### 16 दिन बंद रहा इंटरनेट

24 सितंबर से पूरे लेह में यही हाल है। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के अनशन के बीच हुई हिंसा ने लेह की शांति छीन ली। लेह अपेक्स बॉडी के सह-अध्यक्ष शेरिंग दोरजे ने बताया कि शासन किस बात को नॉर्मल कह रहा है, ये समझ से परे है। पांच लोग आज भी एक साथ कहीं खड़े नहीं हो सकते, क्योंकि धारा 163 लगी है। 2% से लेकर 5% और सार्वजनिक वाईफाई नेटवर्क तक सब बंद रहे। हिंसा के आरोप में 39 लोग अभी भी पुलिस हिरासत में हैं। स्कूल खुल रहे हैं, लेकिन कक्षाओं में बच्चे नहीं पहुंच रहे। वांगचुक के लिए पूरा लेह खड़ा है, लेकिन मौसम और कमाई की मजबूरी के चलते लोगों को बाजार खोलना पड़ रहा है। लेह टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष थिलेस नामग्याल ने बताया कि 24 सितंबर से अब तक एक भी बुकिंग नहीं मिली।

## अठावले की मांग- सीजेआई गवई पर जूता फेंकने के आरोपी पर एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई हो



**मुंबई,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने चीफ जस्टिस बीआर गवई के ऊपर जूता फेंकने की घटना पर नाराजगी प्रकट की है। अठावले ने इस मामले में आरोपी 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून के तहत मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**घटना इसलिए हुई क्योंकि उच्च जाति के कुछ लोग:**सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने सोमवार (6 अक्तूबर) को इस निंदनीय कृत्य को अंजाम दिया था। राकेश के खिलाफ कर्नाटक में जीरो एफआईआर दर्ज कराई गई है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) ने उनका पंजीकरण रद्द कर दिया है। इस घटना के पीछे मानसिकता को लेकर केंद्रीय मंत्री अठावले ने कहा, यह घटना इसलिए हुई क्योंकि उच्च जाति के कुछ लोग इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे कि दलित समुदाय से आने वाले गवई इतने ऊंचे पद पर पहुंच गए हैं।

**जस्टिस गवई योग्यता के आधार पर CJI बने, कुछ लोगों को नागवार गुजर रही यह बात :**पणजी में बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री अठावले ने कहा, घटना निंदनीय है। देश के मुख्य न्यायाधीश पर इस तरह का हमला पहली बार हुआ है। जस्टिस भूषण गवई दलित समुदाय से आते हैं और उन्होंने अपनी योग्यता के आधार पर यह पद हासिल किया है।

# देश की सबसे अमीर महिला बनीं सावित्री जिंदल, फोर्ब्स इंडिया की सूची जारी, अंबानी-अडाणी के बाद तीसरा नंबर

### 6 महीने में 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ी संपत्ति

**हिसार,एजेंसी।** फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में हरियाणा की हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है।

गुरुवार (9 अक्टूबर) को ही यह लिस्ट जारी हुई है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है। इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर ( मानक के अनुसार जिसकी कुल संपत्ति कम से कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 8,300 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो) लिस्ट 2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी। यानि 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपए रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में जिंदल समूह लगातार आगे बढ़ रहा है। सावित्री जिंदल हिसार विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। उनके बेटे उद्योगपति नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं।



**सावित्री जिंदल के 4 बेटों में बंटा है व्यवसाय:**जिंदल समूह की अध्यक्ष का साम्राज्य इस्पात, बिजली, सीमेंट और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी की स्थापना उनके दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल ने की थी, जिनकी 2005 में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, व्यवसाय उनके चार बेटों में बंट गया।

उनके बेटे सज्जन जिंदल मुंबई स्थित जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने 2023 में जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर को सार्वजनिक किया। 2024 में, उन्होंने चीन की एसएआईसी मोटर की सहायक कंपनी एमजी मोटर इंडिया में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक वाहनों में विस्तार किया।

# विदेश में नौकरी के नाम पर 300 लोगों से ठगी

## अफ्रीका जाने के लिए एयरपोर्ट गए तो फर्जी निकले टिकट, 5 पर एफआईआर

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में विदेश में नौकरी के नाम पर करीब 300 लोगों से 3 करोड़ रुपए की ठगी हुई है। ठगी फर्जी कंपनी के 5 लोगों ने मिलकर किया है। इनलोगों ने हर व्यक्ति से कम से कम 90 हजार रुपए लिए थे। कुछ लोग इससे ज्यादा भी दे चुके हैं। ठगों ने पीड़ितों को बोला था कि आप रुपए दे, बाकी हम पर छोड़ दें। वीजा, फ्लाइट के टिकट सब हम करते दे देंगे। जब पीड़ित 8 अक्टूबर को दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर गए तो उन्हें एयरपोर्ट वालों ने कहा कि टिकट और वीजा फर्जी है। पीड़ित गुरुवार को कंपनी के ऑफिस पहुंचे। जहां ताला लगा हुआ था, कंपनी के लोग फरार थे। पीड़ितों ने बिना देरी किए गुरुवार को 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। करीब 25 लोगों ने केस दर्ज कराया है। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र के पुरानी मोतिहारी रोड स्थित रोजगार कंपनी का है।




**सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिया था:** पीड़ितों के मुताबिक, इम्पीरियल इंटरप्राइजेज नाम की कंपनी ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिया था। फर्जी कंपनी 6 महीने पुरानी है। विज्ञापन में दावा किया गया था कि कंपनी वेस्ट अफ्रीका के स्काई ग्रिड संस्थान में नौकरी दिलवाने का काम करती है। रहने-खाने और आने-जाने का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी।

कंपनी के प्रतिनिधियों ने लोगों से कहा कि हमारे पास विदेश में कई वर्षों का अनुभव है और सैकड़ों लोगों को अब तक रोजगार दिलाया जा चुका है। इन्हीं दावों और चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर सैकड़ों युवाओं ने भरोसा कर लिया और रकम जमा कर दी।

**जिन्होंने आधे रुपए दिए, उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया:** बताया ये भी जा रहा कि कंपनी ने आधे रुपए देने वालों का पासपोर्ट जब्त कर लिया, जबकि जिन्होंने पूरी रकम दी, उन्हें एयर टिकट और वीजा सौंप दिया गया। सभी लोगों को यह कहा गया कि निर्धारित तिथि पर वे दिल्ली या मुंबई एयरपोर्ट से वेस्ट अफ्रीका के लिए फ्लाइट पकड़ें।

जब पीड़ित लोग एयरपोर्ट पहुंचे। दस्तावेज नकली निकले तो लोगों को ठगी का अहसास हुआ। जिन लोगों से ठगी हुई है वे लोग मुजफ्फरपुर के अलावा दरभंगा, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, शिवहर और उत्तर प्रदेश के जिले के हैं। कई लोगों ने अपने रिश्तेदारों और गांव के युवाओं को भी कंपनी से जोड़ दिया था।

**कंपनी ने हमें बर्बाद कर दिया:** कटरा प्रखंड के रहने वाले एक युवक सोनू कुमार ने बताया, हमें सोशल मीडिया पर कंपनी का विज्ञापन मिला था। उन्होंने कहा कि वेस्ट अफ्रीका में बढ़िया सैलरी, रहने और खाने की सुविधा मिलेगी। हमने 90 हजार रुपए दे दिए। पर जब एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो पता चला कि सब नकली है। पीड़ित अब्दुल ने कहा, कंपनी वालों ने पासपोर्ट तक अपने पास रख लिया था। अब न पैसा मिला और न पासपोर्ट। हम सब बर्बाद हो गए।

**संपत्ति और वित्तीय लेनदेन की जांच होगी:** अहियापुर थाने की टीम अब कंपनी के बैंक खाते, मोबाइल ट्रांजैक्शन, विज्ञापन माध्यम और किराए पर लिए गए ऑफिस की जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि यह संगठित ठगी गिरोह हो सकता है, जिसका नेटवर्क बिहार के कई जिलों में फैला हुआ है। सिटी एसपी ने निर्देश दिया है कि आरोपियों की संपत्ति और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की जाए।

**दस्तावेजों और सबूतों को जब्त किया:** मामले की जांच का जिम्मा आईओ प्रमोद प्रसाद को सौंपा गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी (कोटा) किरण कुमार, नगर डीएसपी-2 विनीता सिन्हा और अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार मौके पर पहुंचे। तीनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ठगी से संबंधित दस्तावेजों व सबूतों को कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों के लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश कर रही है।

**अब तक कई पीड़ित सामने आ चुके हैं- डीएसपी:** नगर डीएसपी विनीता सिन्हा ने बताया, एक कंपनी की ओर से विदेश भेजने के नाम पर ठगी की गई है। अब तक कई पीड़ित सामने आए हैं। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। संबंधित लोगों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

# पूर्णिया में ऑटो ड्राइवर से मारपीट, घर में लगाई आग

## पैसेंजर बिठाने से मना करने पर विवाद हुआ था, 3 लाख का सामान जलकर राख

**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया में एक ऑटो ड्राइवर को पैसेंजर ले जाने से मना करना भारी पड़ गया। नशे में धुत युवक ने पहले बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके बाद जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से रात में घर में आग लगा दी। पीड़ित का 3 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आगजनी में दो मवेशी भी झुलस गए।



पीड़ित कुंदन कुमार पासवान के. नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के वार्ड नंबर 17 का रहने वाला है। चार लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। घटना सोमवार देर रात की है। इसका वीडियो अब सामने आया है।

**मौके से भागकर जान बचाई:** कुंदन ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे काझा से डहरी गांव सवारी छोड़कर लौट रहा था। इस दौरान डहरी के पास शराब के नशे में धुत पवन यादव और उसके पिता चितरंजन यादव जबरन गाड़ी पर चढ़ गया। गाड़ी रिजर्व होने की बात कहकर आगे जाने से इनकार किया, तो पवन यादव ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के जुटने पर किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई।

इसके बाद आरोपी ने फोन कर धमकी दी कि आज रात को घर में आग लगा देंगे। देर रात करीब 1:20 बजे पवन यादव अपने पिता चितरंजन यादव और भाई प्रदीप यादव, राजा यादव के साथ पहुंचा और घर में आग लगा दी। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया। के. नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जब तक आग की लपटें बुझी घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया था।

**थाना से डांटकर भगा दिया:** पीड़ित ने आगे बताया कि आगजनी में फ्रीज, गोदरेज, अलमीरा, साइकिल, कीमती कपड़े, मंगलसूत्र और करीब 80 हजार रुपए नकद समेत तीन लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। दो मवेशी भी जिंदा जल गईं। सुबह आरोपी पवन यादव ने गांव में खुलेआम घटना की जिम्मेदारी ली और कहा आगे बहुत कुछ होगा। शिकायत लेकर जब के.नगर थाना पहुंचा तो पहले डांटकर उसे भगा दिया गया। फिर बाद में आवेदन स्वीकार कर लिया गया।

**एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार:** वहीं, इस संबंध के. नगर थाना प्रभारी मुन्ना पटेल ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खगड़िया में मीडिया सेल की बैठक

# इलेक्शन गाइडलाइंस और आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन का निर्देश

**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया के समाहरणालय स्थित सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में गुरुवार को मीडिया कोषांग (MCMC) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सह वरीय नोडल पदाधिकारी, स्वस्थ्य, श्री अभिषेक पलासिया (भा.प्र.से.) ने की। बैठक में निर्वाचन गाइडलाइंस और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।




इस दौरान निर्वाचन अवधि में मीडिया संचालन की पारदर्शिता, समाचारों और विज्ञापनों की प्रमाणन प्रक्रिया तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पलासिया ने उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी सभी निर्वाचन गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन हो।

**निर्वाचन के दौरान मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण:** उन्होंने कहा कि मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाले किसी भी विज्ञापन या प्रचार सामग्री को प्रसारण से पहले MCMC समिति से अनुमोदित कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने जोर दिया कि निर्वाचन के दौरान मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण, संवेदनशील और जिम्मेदार होती है।

**निष्पक्ष, सटीक और संतुलित ढंग से समाचारों का प्रसारण करने की अपील:** इसलिए समाचारों का प्रसारण निष्पक्ष, सटीक और संतुलित ढंग से किया जाए। किसी भी प्रकार की भ्रामक या पक्षपातपूर्ण सामग्री के प्रसारण पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) के सदस्यगण, जनसंपर्क पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जमुई में एक माह से युवक लापता

# पत्नी को विदा कराने गया था, परिजन ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**जमुई,एजेंसी।** जमुई के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के रामसिंहडीह गांव निवासी कारू पासवान और उनकी पत्नी करीना देवी ने अपने बेटे बमबम पासवान उर्फ आजाद पासवान के एक महीने से लापता होने के मामले में गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बेटे की गुमशुदगी के पीछे साजिश का आरोप लगाया है। परिजनों ने एसपी विश्वजीत दयाल को सौंपे आवेदन में बताया कि उनका बेटा बीते 8 सितंबर से लापता है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।



**8 सितंबर के बाद से फोन ऑफ:** कारू पासवान के अनुसार, 8 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे बमबम ने कॉल कर बताया था कि उसे उसकी पत्नी निशा को विदा करने के लिए लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के कला बिसुनपुर गांव बुलाया गया है। वहां निशा का साला बिट्टू पासवान और उसकी सास सुनीता देवी उससे मिलने की बात कह रहे थे। इसके बाद अगले दिन से बमबम का मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा और उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने उसकी तलाश में कई जगह संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

**2 बच्चों की मां से किया था प्रेम-विवाह:** परिजनों ने बताया कि बमबम पासवान ने निशा नामक महिला से प्रेम विवाह किया था। निशा पहले से शादीशुदा थी और उसके दो बच्चे भी थे। दोनों ने आपसी सहमति से शादी की थी, लेकिन निशा के परिवार वाले इस विवाह से नाराज थे। अगस्त में पंचायत के बाद निशा को उसके परिजन वापस ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि शादी का विरोध करने वाले ही अब षड्यंत्र के तहत बमबम को गायब कर चुके हैं। कारू पासवान ने आवेदन में बिट्टू पासवान, शुभम पासवान, सुनील पासवान और सुनीता देवी (सभी निवासी कला बिसुनपुर) पर संदेह जताया है।

**मंत्री सुमित सिंह के आवास पर करता था काम:** कारू पासवान ने यह भी बताया कि बमबम मंत्री सुमित सिंह के आवास पर कार्य करता था और वहीं फेसबुक के माध्यम से निशा से उसकी पहचान हुई थी। उन्होंने बताया कि बमबम की खोजबीन के लिए जब वे चंद्रमंडीह थाना गए, तो वहां आवेदन लेने से इनकार कर दिया गया था। परिजन ने निशा के पूर्व पति व अन्य परिजनों के मोबाइल नंबर भी पुलिस को जांच में मदद के लिए सौंपे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द युवक की तलाश की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, ताकि गरीब परिवार को न्याय मिल सके।

# पटना का तापमान बढ़ा, बिहार से दो दिन में मानसून की विदाई होगी

**पटना,एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की प्रक्रिया जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार से एक-दो दिन में मानसून की वापसी हो जाएगी। इधर, गुरुवार को बिहार का मौसम शुष्क बना रहा। सुबह से कड़ी धूप निकली। दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। इससे पटना का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री और न्यूनतम 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा।



मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, मध्य असम और आसपास के क्षेत्रों में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है, जो औसत समुद्र तल से लगभग 1.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। वहीं, उत्तर-पश्चिम उत्तरप्रदेश और आसपास के इलाकों पर पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखा जा रहा है, जो 1.5 से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक मौजूद है। इसी बीच, उत्तरी ओडिशा और आसपास के क्षेत्रों में बना चक्रवाती परिसंचरण अब कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3-4 दिनों तक बिहार के अधिकतर जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। दिन में हल्की गर्मी और रात में हल्की ठंडक का असर बना रहेगा।

# नालंदा में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा





**नालंदा,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नालंदा पुलिस अलर्ट मोड में हैं। लगातार अर्धसैनिक बलों के सहयोग से जिला पुलिस एरिया डोमिनेशन का कार्य कर रही है। ताकि आम जनता में मताधिकार के प्रति भय और डर का माहौल न रहे। सुरक्षित, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से मतदान की प्रक्रिया में शामिल हो सके। गुरुवार की रात लहेरी थाना पुलिस केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल(सीएपीएफ) के साथ एरिया डोमिनेशन और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में रामचंद्रपुर बस स्टैंड के पास से एक मोटरसाइकिल सवार की जांच की गई तो उसके पास से हथियार और नौ जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

**जांच में जुटी पुलिस:** लहेरी थाना के एसआई सर्वेश कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी रहुई थाना क्षेत्र के भदवा गांव निवासी आनंद कुमार उर्फ अन्ना है। तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अवैध हथियार के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। बरामद हथियार कारतूस के संबंध में लहेरी थाना में कांड दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। लगातार पुलिस सघन वाहन जांच अभियान चला रही है।

# बिहार में 13.5 प्रतिशत बढ़ी महिलाओं के खिलाफ हिंसा

**पटना,एजेंसी।** बिहार में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में बढ़ोतरी हुई है। इसका खुलासा एनसीआरबी की हालिया रिपोर्ट से होता है। एनसीआरबी ने 2023 की रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार बिहार में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में 13.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मामले में बिहार 28 राज्यों में आठवें नंबर पर है।



बिहार में साल 2022 में महिलाओं के खिलाफ 20222 घटनाएं दर्ज की गईं। साल 2023 में बढ़कर 22952 हो गई। महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक हिंसा उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में दर्ज की गई हैं। देश के 28 राज्यों की तुलना में सबसे अधिक बिहार में लड़कियों का अपहरण शादी की नीयत से होता है। पिछले एक साल में 9486 लड़कियों का अपहरण शादी के नीयत से किया गया। इसका क्राइम रेट 15.5 है, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 4545 बालिग लड़कियों का अपहरण शादी की नीयत से हुआ। 4941 नाबालिग लड़कियों का भी अपहरण किया गया। फिरौती मांगने की नीयत से बिहार में दो महिलाओं का अपहरण किया गया। बिहार में एक साल में 1143 महिलाओं की दहेज के लिए हत्या कर दी गई।

इस मामले में बिहार 28 राज्यों में दूसरे नंबर पर है। पहले नंबर पर उत्तर प्रदेश है, जहां एक साल में दहेज के लिए 2122 महिलाओं की हत्या की गई। वहीं चार महिलाओं की रेप के बाद हत्या कर दी गई। रेप की 902 घटनाएं हुईं। एक साल में एसिड अटैक की 5 घटनाएं हुई जिनमें 6 महिलाएं पीड़ित हैं। एसिड अटैक में सबसे अधिक 34 महिलाएं पश्चिम बंगाल और उसके बाद उत्तर प्रदेश में 28 महिलाएं शिकार हुईं। पति और उसके संबंधियों द्वारा प्रताड़ित करने की 2032 घटनाएं साल 2023 में दर्ज हुई। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की घटना सबसे अधिक बिहार में बिहार में साइबर क्राइम की शिकार भी महिलाएं हो रही हैं।

ऐसे 100 मामले दर्ज हुए हैं जिसमें महिलाएं साइबर क्राइम की शिकार हुई हैं। वहीं चाइल्ड पोर्नोग्राफी का मामला सबसे अधिक बिहार में दर्ज हुआ है। बिहार में 345 मामले दर्ज हुए। वहीं पॉस्को एक्ट के तहत 125 मामले दर्ज किए गए। पटना में भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। यहां साल 2022 में 812 और 2023 में 1162 घटनाएं दर्ज हुईं। पटना में दहेज हत्या के 30 मामले दर्ज किए गए। पति और उनके संबंधियों से प्रताड़ित होकर 131 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई। पटना में महिलाओं के अपहरण की 721 घटनाएं हुईं। 250 लड़कियों का अपहरण शादी की नीयत से किया गया। रेप की 132 घटनाएं दर्ज हुईं।

# चंदन मिश्रा हत्याकांड

## 15 अक्टूबर से पहले चार्जशीट

**पटना,एजेंसी।** गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड में शूटरों और अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस 15 अक्टूबर से पहले चार्जशीट कर देगी। बेउर से लेकर आरा जेल तक बंद इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने डायरी लगभग पूरी कर ली है। चार्जशीट भी लगभग तैयार है। जांच में आई कुछ तकनीकी बातों को संकलित कर चुकी है। शूटरों का फेस सैंपलिंग कराई जाएगी। एफएसएल की टीम यह करेगी। टीम इनके चेहरों का वैज्ञानिक तरीके से सैंपल लेगी। उसके बाद सीसीटीवी फुटेज में कैद इन शूटरों का फेस सैंपल लेकर मिलान करेगी। हालांकि फुटेज में दिखे पांच में से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। एक शूटर फरार है। चंदन की हत्या 17 जुलाई को पारस अस्पताल में हुई थी। वह बेउर जेल से पेरोल पर इलाज कराने आया था। अस्पताल के प्राइवेट रूम में घुसकर पांच शूटरों ने उसे 28 गोलियां मारी थीं। इस मामले में पुलिस ने कोलकाता से मेन शूटर तौसीफ उर्फ बादशाह के अलावा उसके मौसेरे भाई नीशु खान और नीशू के दो स्टाफ हर्ष एवं भीम को गिरफ्तार किया था। उसके बाद पुलिस ने शूटर बलवंत और रविरंजन के अलावा अभिषेक को आरा से गिरफ्तार किया। फिर इन शूटरों को हथियार सप्लाई करने वाले राजेश और धन्नू को यूपी के मिर्जापुर स्थित एक होटल से दबोचा था। सिटी एसपी सेंट्रल दीक्षा ने बताया कि समय पर पुलिस चार्जशीट कर देगी। सबों को स्पीडी ट्रायल कराकर सजा दिलाई जाएगी।



**तीन माह बाद भी हथियार बरामद नहीं कर सकी पुलिस:** तीन माह बाद भी घटना में इस्तेमाल एक भी हथियार बरामद नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस के पास सबसे ठोस साक्ष्य के रूप में पांचों शूटरों का हथियार के साथ चंदन के प्राइवेट कमरे में घुसने और गोलियां बरसाने के बाद वहां से भागने का सीसीटीवी फुटेज है। यही नहीं प्राइवेट रूम में उस वक्त मौजूद चंदन का एक करीबी गवाह भी है। सीसीटीवी फुटेज इन सबों को सजा दिलाने के लिए ठोस साक्ष्य है। जांच में यह बात सामने आई थी कि हत्या की साजिश करने वाला पुरुलिया जेल में बंद शेरू सिंह है। शेरू और चंदन पहले बेउर जेल में बंद थे। बंगाल में किसी केस में नाम आने के बाद शेरू को बंगाल पुलिस पुरुलिया जेल ले गई। पुलिस ने जांच के बाद शेरू सिंह को इस हत्याकांड में अप्राथमिकी आरोपी बना दिया है। उसे रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

# किशनगंज में 3 दिन से लापता बच्ची बरामद

## पिता ने युवक पर अपहरण, जबरन धर्मांतरण की धमकी का आरोप लगाया



**किशनगंज,एजेंसी।** किशनगंज के दिघलबैंक थाना क्षेत्र से एक 16 साल की किशोरी लापता हो गई थी। किशोरी के पिता ने एक युवक पर अपहरण और जबरन धर्मांतरण की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले में स्त्वढ्क्रदर्ज कर जांच शुरू की और किशोरी को बरामद कर लिया है। दरअसल, नेपाल के झापा के रहनेवाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी 6 अक्टूबर को दोपहर करीब 11 बजे दिघलबैंक मार्केट से राशन खरीदने निकली थी। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के रिश्तेदारों से संपर्क करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।

**मार्केट या रास्ते में अक्सर करता था छेड़छाड़:** व्यक्ति ने आगे बताया, शक के आधार पर जब परिजन बैरबन्ना निवासी एहतेशाम अली (21) के घर गए, तो वह फरार मिला। पिता ने आरोप लगाया है कि एहतेशाम अली उनकी बेटी को दिघलबैंक मार्केट या रास्ते में अक्सर छेड़छाड़ करता था। विरोध करने पर वह उनकी बेटी को अगवा कर जबरन निकाह करने और मुस्लिम बनाने की धमकी देता था। एहतेशाम के डर से किशोरी ने मार्केट जाना बंद कर दिया था।

**बच्ची का अपहरण कर धर्मांतरण का आरोप:** परिजनों ने जब एहतेशाम अली के पिता से पूछताछ की, तो उसने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि उसके बेटे ने ही बच्ची का अपहरण किया है और उसका धर्मांतरण कराया जाएगा। इस संबंध में दिघलबैंक थाने में 8 अक्टूबर को प्राथमिकी संख्या 194/25 दर्ज की गई है। जहां थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया, किशोरी को दिघलबैंक से पुलिस ने बीते रात बरामद कर लिया है। साथ ही आज किशोरी का बयान रिकॉर्ड कर आगे की कारवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# औरंगाबाद में स्टूडेंट ने टीचर पर किया हमला

## गर्दन पर चाकू से वार, 10 टांके लगे

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में स्कूल से निष्कासित छात्र ने टीचर पर जानलेवा हमला कर दिया। चाकू से गर्दन पर वार किया है। गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पीड़ित सुदामा कुमार गणित के टीचर हैं। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तरार में पोस्टिंग है। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के भखरुआं मोड़ की है।

पीड़ित टीचर ने बताया कि शुक्रवार सुबह गया रोड ऑटो स्टैंड के पास हेड मास्टर पवन कुमार का इंतजार कर रहे थे। उनकी ही बाइक से रोज स्कूल जाते हैं। इस दौरान स्कूल से निष्कासित नाबालिग छात्र अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। बिना कुछ कहे अचानक गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। खून से लथपथ हालत में वहीं पर गिर पड़ा। इस बीच हेड मास्टर पवन कुमार वहां पहुंचे। तुरंत दाउदनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सदर अस्पकात रेफर कर दिया। गर्दन पर 10 टांके लगे हैं।

**छात्रा से छेड़खानी का आरोपी था:** पीड़ित टीचर ने आगे कहा कि आरोपी छात्र का विद्यालय में आचरण अनुशासनहीन था। पिछले वर्ष उसने छात्रा के साथ छेड़खानी किया था। उसे अनुशासनहीनता के कारण डांट-फटकार लगाई गई थी। चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। आशंका है कि उसने उसी रंजिश में हमला किया है।

**जांच में जुटी पुलिस:** वहीं, दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया। घायल शिक्षक ने थाने में आवेदन दिया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मामले की जांच करके सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़खानी से तंग आकर कॉलेज की छात्राओं ने मनचले को जमकर पीटा

**पटना,एजेंसी।** छेड़खानी करने वाले एक मनचले को छात्राओं और स्थानीय लोगों ने जमकर पीटा। यह घटना नागेश्वर कॉलोनी में हुई। वह रोज कॉलेज जाने वाली छात्राओं से छेड़खानी करता था। कई बार छात्राओं ने उसे मना किया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था।

उसके बाद छात्राओं ने पूरी प्लानिंग बनाकर उसे पकड़ा और फिर स्थानीय लोगों को बुलाकर धुनाई कर दी। मनचला मुलायम सिंह यादव यूपी का रहने वाला है। पीटने के बाद छात्राओं और स्थानीय लोगों ने उसे कोतवाली थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। मनचला मुलायम सिंह जस्टिस नारायण पथ स्थित एक टेलीफोन बॉक्स के पीछे छिपकर रोज सुबह कॉलेज जाने वाली लड़कियों पर अश्लील कमेंट करता था। वह पटना वीमेंस कॉलेज की छात्राओं को देखकर अश्लील इशारे और अभद्र टिप्पणियां करता था।

# मढ़ौरा विस क्षेत्र से पहले दिन एक अभ्यर्थी ने भरा नामांकन पर्चा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** 117- मढ़ौरा विधानसभा के लिए शुरु हुए नामांकन के पहले दिन लालू प्रसाद यादव ने अपनी उम्मीदवारी दाखिल कर दी है। यह नाम राजद सुप्रीमों का नहीं है, लेकिन नाम से नाम मिलता है। नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र से एक अभ्यर्थी के तौर पर लालू प्रसाद यादव ने मढ़ौरा से पहली उम्मीदवारी के तौर पर राष्टीय जन संभावना पार्टी से शुक्रवार को अपना नामांकन पर्चा भरा हैं। मढ़ौरा नगर क्षेत्र के राहीपुर निवासी लाालू प्रसाद स्थाानीय अनुमंडल कोर्ट में एक ताईद है। इनमें और राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद में नाम मे समानता के साथ एक और समानता है इनके भी बच्चों की संख्या लगभग बराबर ही है। पीछ्ले अलग अलग कई चुनावो में मढ़ौरा के लालू प्रसाद यादव ने नामांकन कर मीडिया में नाम प्रचारित कराया। वहीं अब इस तरह के हथकंडे बार बार अपनाने से लोगों में चर्चा हैं कि हर चुनाव में इनका मकसद केवल नामांकन करना है, चाहे चुनाव किसी पद के लिए क्यों न हो, इससे अधिक बहस नही होता। बस नमांकन दर्ज कराना है और सुर्खियों में आना इनकी हॉबी है। ये पूर्व में कई अलग अलग चुनावों में नामांकन दर्ज करा नाम बोटरे हैं।

# जगलाल चौधरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** लोकतंत्र में मतदान की अहमियत को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा में एक विशेष मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मतदान की उपयोगिता और लोकतंत्र के साथ उसके गहरे संबंध पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस . पी यादव ने कहा, ÷मतदान करना लोकतंत्र का आधार है। इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतन्त्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ स्वयं मतदान करना चाहिए, बल्कि और साथियों को भी प्रेरित करना चाहिए।÷ उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे ही योग्य उम्मीदवार का चयन हो सकता है, जो जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा सके।

एक मुख्य वक्ता के रूप में, राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. संदीप कुमार यादव ने कहा कि




मतदाता का अपना वोट किसी पार्टी को ना देकर अच्छे प्रत्याशी के नाम पर देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मतदाताओं को मुद्दों को केंद्र में रखते हुए, ऐसे व्यक्ति के पक्ष में वोट देना चाहिए, जिससे बाद में लगे कि हमने सही जगह अपनी मोहर लगाई थी। उन्होंने उपराष्टपति जगदीप धनखड़ के उस बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ÷मतदान लोकतंत्र का आधार है और यह ऑक्सीजन का काम करता है।÷ उन्होंने कहा कि मतदान सभी अधिकारों का मूलमंत्र है और इससे बड़ा कोई अधिकार नहीं है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। हिंदी स्नातक की छात्रा ज्योति कुमारी ने कहा कि हमारा प्रतिनिधि ऐसा हो, जो क्षेत्र में जरुरत के कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाए। बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल कुमार ने कहा कि एक आदर्श सांसद को सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं दिलवाने में सक्षम होना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. संदीप कुमार यादव एवं डॉ. कुमारी मनीषा ने सभी उपस्थित जनों, विशेष रूप से युवा छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय के बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र तक लाने-ले जाने में सहयोग प्रदान करें, ताकि हम सब मिलकर एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की नींव रख सकें। इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदान के महत्व को लेकर एक सार्थक वातावरण का सृजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी तथा विद्यार्थी सक्रिय रूप से भागीदारी किया। डॉ. रविंद्र कुमार वर्मा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सावन कुमार, अनिल कुमार, डॉ. पुष्पलता हंसदा, जियाउल होदा अंसारी, सूर्यदेव राम आदि उपस्थित थे साथ ही विद्यार्थियों के रूप में खुशी कुमारी नीतू कुमारी, सुप्रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रतिमा कुमारी ,शैलेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी, रितु कुमारी साजिदा खातून, तथा अन्य विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया।



# छित्रावलिया में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मेहंदी कला व रैली से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के छित्रावलिया स्थित अंबिका दादा उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने रैली एवं मेहंदी कला के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। जागरूकता रैली के दौरान बच्चों ने आओ हम सब मिलकर मतदान करें, एक अच्छा समाज और नेता का चुनाव करें।÷ आदि नारे लगाए। छात्र-छात्राओं ने मेहंदी कला के जरिए भी मतदान का संदेश देते हुए मताधिकार के महत्व को रेखांकित किया। इस आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी, सहायक शिक्षक अनवर हुसैन, शशि कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को आगामी 6 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित करना था।

# कार्रवाई : हत्या कांड का किया गया त्वरित उद्भेदन

## नामजद आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नौतन मठिया में सोनू कुमार की चाकू गोदकर हत्या की गई थी। घटना के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमनौर में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौराङ्क1 के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मढ़ौरा थाना कांड सं0 680/25 के तहत जांच शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर नामजद अभियुक्त विकास मांझी (पिताङ्कस्व. देवचन्द्र मांझी, साकिनङ्कखोड़ी पाकड़, थानाङ्कअमनौर, जिलाङ्कसारण) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। जब्त चाकू को एफएसएल जांच हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त विकास मांझी, पिताङ्कस्व. देवचन्द्र मांझी, साकिनङ्कखोड़ीपाकड़, थानाङ्कअमनौर, जिलाङ्कसारण बताए जा रहे हैं । वहीं हत्या में प्रयुक्त बरामद सामान में खून लगा चाकू ङ्क 01 बरामद किया गया है।

# स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित इ किसान भवन में शुक्रवार को प्रबंध तकनीकी प्रबंधक सत्यम कुमार की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया .इस गोष्ठी में लोगो को स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न के प्रयोग से होनेवाले फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी .विशेषज्ञों ने बताया कि स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न के प्रयोग से हड्डियां मजबूत होती है एवं शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम की प्राप्ति होती है .विशेषज्ञों ने बताया कि होर्लिक्स एवं पिज्जा बनाने में स्वीट कॉर्न का ही उपयोग किया जाता है .गोष्ठी में हरिशंकर सिंह ,उदयशंकर सिंह ,सुनील द्विवेदी सहित अन्य कृषि समन्वयक ,किसान सलाहकार एवं दर्जनों किसान उपस्थित थे .

# डॉक्टरी पेशा अब सेवा के बजाय धन ऐंठने का धंधा !

नीरज कुमार ।



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** कभी डॉक्टरी को सबसे पवित्र पेशा माना जाता था। कहा जाता था कि ÷डॉक्टर भगवान का रूप होता है÷, जो मरीज को नया जीवन देता है। लेकिन आज हालात बदल गए हैं। अब यह पेशा सेवा नहीं, बल्कि मुनाफे का कारोबार बनता जा रहा है। किसी भी शहर या कस्बे में किसी डॉक्टर के क्लीनिक पर जाइए। आपको एक नया ट्रेंड दिखेगा। डॉक्टर जो दवा लिखते हैं, वही दवा उसी क्लीनिक पर मिलती है। मरीज को बाहर जाने की जरूरत नहीं, पर कीमत इतनी रखी जाती है कि इलाज जेब पर भारी पड़ जाए। यह सुविधा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित धंधा है। दवा कंपनियों के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव डॉक्टरों को महंगे गिफ्ट, विदेश यात्राएं, और मोटा कमीशन देकर अपनी दवाइयाँ लिखवाने के लिए तैयार करते हैं। डॉक्टर, कंपनी और मेडिकल एजेंट– तीनों का गठजोड़ मरीज की मजबूरी पर टिका है। कोई इस पर बोलता नहीं, क्योंकि सफेद कोट के भीतर छिपे इस ÷व्यवसायिक सच÷ पर सवाल उठाना आसान नहीं है। लाभ का यह खेल सिर्फ दवा तक सीमित नहीं। जांच केंद्र, निजी अस्पताल, पैथोलॉजी लैब, और फार्मा कंपनियाँ – सभी एक संगठित व्यापारिक जाल में बंधे हैं। मरीज बीमार कम, ÷ग्राहक÷ ज्यादा बन गया है। सरकार चाहे तो इस लूट पर लगाम लगा सकती है – डॉक्टरों को क्लीनिक पर दवाइयाँ बेचने से रोककर, जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित कर और दवा कंपनियों पर सख्त निगरानी रखकर। लेकिन सवाल यही है– क्या सरकार ऐसा करना चाहती है ? डॉक्टरी पेशा जब सेवा से व्यापार बन जाता है, तो इंसानियत बीमार हो जाती है। और इस बीमारी का अब तक कोई इलाज नहीं मिला।



# प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रेशमी प्रकाश के सिवान तबादला के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। नये प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आफताब आलम के स्वागतम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी विकास मित्र मौजूद रहें। नये प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आफताब आलम को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया वहीं तबादला हुई प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रेशमी प्रकाश को अंग वस्त्र और अन्य सामान देकर विदाई दी गई।

# बीडीओ ने सरकारी विद्यालय का किया निरीक्षण, बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर जताई नाराज़गी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बीडीओ पंकज कुमार ने शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय चरिहारा कन्या का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में शौचालय, मध्याह्न भोजन, छात्र उपस्थिति तथा साफ-सफाई की व्यवस्था की गहनता से जांच की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका फूलमाला सिंह अनुपस्थित पाई गईं। इस संबंध में विद्यालय में उपस्थित शिक्षक मदन मांझी ने बताया कि वे वर्तमान में चुनाव प्रशिक्षण में भाग लेने गई हैं। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि विद्यालय में शौचालय और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। विद्यालय परिसर में स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की भी जानकारी सामने आई। बीडीओ पंकज कुमार ने तत्काल प्रधानाध्यापिका फूलमाला सिंह से फोन पर बातचीत कर विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। इस दिशा में संबंधित विभाग को शीघ्र आवश्यक कदम उठाने होंगे।बीडीओ ने बताया कि विद्यालय की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत सीओ को दी जाएगी, ताकि कार्रवाई कर विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके।

# दीपावली और छठ पर्व को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित तरीके से निपटने की जानकारी दी गई.मॉक ड्रिल के माध्यम से फायर सर्विस की टीम ने लोगों को व्यावहारिक रूप से दिखाया कि छोटी सी चूक किस तरह बड़ा हादसा बन सकती है और किस प्रकार सही कदम उठाकर उसे रोका जा सकता है.प्रधान अग्नि राजीव कुमार ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली और छठ पर्व के दौरान पटाखों, दीयों और रसोई गैस के अत्यधिक उपयोग से आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होती है. इसलिए इन त्योहारों में सावधानी बरतना जरूरी है.फायर सर्विस इन दिनों विशेष अभियान चलाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है,ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके. इस मौके पर अग्निशमन कर्मी शंकर चौधरी, अटल बिहारी सिंह, नीतू कुमारी, चालक विजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे.



# सीवान शहर में केंद्रीय बल संग डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने गुरुवार की रात शहर क्षेत्र में केंद्रीय अर्धसैनिक बल एवं जिला पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान दोनों वरीय पदाधिकारियों ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया और लोगों से अपील किया कि वे निर्भय होकर मतदान करें व लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। डीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा न हो।



वहीं एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और मतदान प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फ्लैग मार्च में डीडीसी मुकेश कुमार, सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, सदर सीओ रविशेखर, नगर थाना इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक, सराय थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## महिला के साथ मारपीट मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र शंकरपुर निवासी कांति कुमारी ने सात अक्टूबर को थाना में आवेदन देकर पांच लोगों के विरुद्ध हुए मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि पूर्व के विवाद को लेकर मेरे भसुर उपेंद्र साह एवं जेठानी ललिता देवी ने अपने स्वजनों के साथ मिलकर मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट की तथा मेरे गले से मंगलसूत्र छीन ली। पड़ोसियों द्वारा बीच बचाव कर मुझे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने गुरुवार की रात समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में चोरौली निवासी हरेंद्र सिंह तथा पुत्र बिट्टू सिंह शामिल हैं।

## गोरेयाकोठी : युवती के अश्लील वीडियो प्रसारित करने के आरोप में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के पिता ने थाना में आवेदन देकर पुत्री के अश्लील वीडियो प्रसारित करने के आरोप में गोरेयाकोठी थाना के गोविंदापुर निवासी जफर नेयाज, शोएब, सरवर नेयाज एवं रूबी खातून के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री की शादी महाराजगंज में तय की गई थी। इसकी जानकारी होने पर जफर नेयाज ने पुत्री का अश्लील फोटो एडिट कर लड़के वालों के पास भेज दिया जिससे मेरी काफी बेइज्जती हुई है। जब मैंने जाकर पूछताछ की तो सभी ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

## स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक में फाइलेरिया रोकथाम पर चर्चा

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. अमित कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में फाइलेरिया रोकथाम पर चर्चा की गई। बैठक में निखती कला और खुजवा पंचायत के बसंतपुर में नाइट ब्लड सर्वे की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जीविका, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गांवों में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। डा. कुमार ने बताया कि फाइलेरिया का वायरस रात 8.30 बजे से 12 बजे तक सक्रिय रहता है, इसलिए जांच इसी समय की जाती है। यह बीमारी संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है और इसके लक्षण सात-आठ वर्ष बाद प्रकट होते हैं। बैठक में पूर्णिमा कुमारी, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, रंजीत कुमार, अरुण लाल आदि मौजूद थे।

## सीवान : कुख्यात अयूब खान की फरारी मामले में भाजपा नेता सहित दो हिरासत में

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड व दखिन टोला में नौ अक्टूबर की रात एसटीएफ व जिला पुलिस ने छापेमारी कर भाजपा नेता सहित दो को हिरासत ले लिया। दोनों पर पुलिस को कुख्यात अयूब खान को शरण देने की आशंका है। दोनों से शुक्रवार की देर शाम तक पूछताछ की गई। हालांकि भाजपा नेता को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया। जबकि एक व्यक्ति से पुलिस देर शाम तक पूछताछ करती रही। जानकारी के अनुसार एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अयूब खान सहित कुछ बदमाश स्टेशन रोड स्थित एक मकान में छुपे हुए हैं। सूचना पर एसटीएफ ने जिला पुलिस की मदद से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उसने पूछताछ में एक भाजपा नेता का नाम बताया। जिसके घर पर छापेमारी की गई जहां से उसे भी हिरासत में लिया गया। दोनों को थाना लाकर पूछताछ की गई।

## मकरियार गांव में दो लोगो को बंदर ने काटा

**सिवान।** धनौती थाना क्षेत्र के मकरियार गांव में शुक्रवार को बंदर ने दो लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राम घायल रसिया देवी को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया जबकि संजय यादव का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि संजय यादव अपने दरवाजे में बैठे हुए थे, तभी बंदर आया और उनके पास बैठ गया। इसके बाद उसने उन्हें काट लिया। वहीं कुछ देर बाद रामरसिया देवी को भी बंदर ने काट लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद बंदर के डर से स्थानीय लोग भयभीत हैं।

## मासूम संग दुष्कर्म

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला में गुरुवार की देर शाम एक युवक ने ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपित युवक को स्वजनों ने पकड़ लिया लेकिन वह भागने में सफल रहा।इस मामले में बच्ची की मां ने बताया कि हमलोग किराए के मकान में रहते हैं। मेरा पति ई-रिक्शा चालक है। गुरुवार को मेरे पति ई-रिक्शा लेकर बाजार गए हुए थे। मैं घर पर थी, तभी शाम में कमरे के बगल में किराए पर रहे एक युवक मेरी बच्ची को कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब वह रोने लगी तो मैं दौड़ कर गई तो देखी कि कमरा अंदर से बंद था। आस-पास के लोगों की मदद से रूम को खोला गया। मेरी बच्ची की हालात खराब थी। उक्त युवक को पकड़ गया लेकिन फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की मेडिकल जांच कराई। मामले में महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक ने बताया कि दुष्कर्म मामले में नामजद प्राथमिकी हुई है। आरोपित पूरे परिवार के साथ फरार है।

## आइटीबीपी के जवान के ठहरने की वजह से विद्यालय स्थानांतरित

**महाराजगंज (सिवान)।** विधानसभा चुनाव को ले अर्द्धसैनिक बल पहुंच चुके हैं। अर्द्धसैनिक बल शहर के सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में ठहरे हैं। इसको देखते हुए सिहौता बंगरा मध्य विद्यालय को राजकीय मध्य विद्यालय महाराजगंज में स्थानांतरित किया गया है। इस विद्यालय का पठन- पाठन राजकीय मध्य विद्यालय में शुरू हो गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में पठन- पाठन सुचारू रूप से शुरू हो गया है।

## पचास प्रतिशत से कम मतदान वाले 40 बूथों पर चलेगा विशेष जागरुकता अभियान

**परवेज अख्तर/सीवान।** पिछले लोकसभा चुनाव 2024 में दारौंदा प्रखंड के 40 मतदान केंद्रों पर 50 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ था। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को ध्यान में रखते हुए अब इन सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। दारौंदा की सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सिंपी कुमारी ने बताया कि कम मतदान वाले बूथों पर मतदाता जागरुकता के लिए प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, मतदाता शपथ, जीविका दीदियों की भागीदारी, दीवार लेखन, रंगोली, सेल्फी प्वाइंट आदि गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है ताकि छह नवंबर को अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। ऐसे कुल 40 मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं, जहां मतदान प्रतिशत 50 से कम रहा था। इन सभी केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, जीविका समूहों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहायता से मतदाता जागरुकता की पहल तेज किया गया है।

## गोरेयाकोठी : वाहन जांच के क्रम में हथियार संग बदमाश गिरफ्तार, जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी पुलिस ने मुस्तफाबाद में वाहन जांच के क्रम में कट्टा व गोली के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश थाना क्षेत्र के ही खगनी निवासी ध्रुव कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव को ले मुस्तफाबाद सरकारी स्कूल के समीप आठ अक्टूबर को थानाध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ वाहन जांच कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को देखकर एक बाइक चालक युवक वाहन घुमाकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने दबोच लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक कट्टा, एक गोली तथा एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस उसे बाइक सहित थाना लाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के बारे में और जानकारी ली जा रही है। उसे अगली कार्रवाई के लिए शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया।

## परीक्षा में उत्तीण हो बढ़ाया मान

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के साघर सुल्तानपुर निवासी मजदूर दहारी मियां और माता लैला खातून का दिव्यांग पुत्र आलम राज ने राष्ट्रीय दृष्टि बाधित संस्थान देहरादून द्वारा आयोजित कक्षा चार में नामांकन के लिए आयोजित देश स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा चार में एक सीट के लिए हुई परीक्षा में 12 दिव्यांग (दृष्टि बाधित) बच्चे शामिल हुए थे। इसमें आलम राज ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया तथा अपने माता-पिता समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आलम राज को विशेष शिक्षक मंत्री प्रसाद और संजीत कुमार ब्रेन लिपि में पढ़ाई कराकर इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की है। आलम राज ने बताया कि आगे पढ़ाई कर आइएएस बनकर देश की सेवा करनी है। इसकी सफलता पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने बीआरसी में सेंसर स्टिक देकर सम्मानित किया। उसकी सफलता पर शिक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव, मुखिया सुभाष सिंह, अनिरुद्ध प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद नूराइन, दर्वेश आलम आदि ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मारपीट मामले में फरार चल रहे मुबारकपुर निवासी कन्हैया साह को तथा नगई से दिनेश महतो को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया।

## सीएसटी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने एसी-एसटी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान चैनपुर निवासी जितेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया।

## विधानसभा चुनाव को ले वाहन जांच तेज

**महाराजगंज (सिवान)।** विधानसभा चुनाव को ले पुलिस द्वारा जगह-जगह वाहन जांच की जा रही है। पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में अर्धसैनिक बलों द्वारा बाइक, चार पहिया वाहन की सघन जांच की जा रही है। वाहन जांच शहर के रामलखन चौक, मौनिया बाबा चौक, रगड़गंज मोड़ के समीप की गई।

## रसाई घर का ताला तोड़ बर्तन एवं प्लेट चोरी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र बिरती टोला स्थित नया प्राथमिक विद्यालय में एमडीएम बनाए जाने वाले बर्तन एवं छात्रों के खाने वाले थालियों की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक फिरोज अली ने तीन अक्टूबर को थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि दशहरा की छुट्टी के खत्म होने बाद जब तीन अक्टूबर को विद्यालय पहुंचा तो देखा कि रसोई घर का ताला टूटा है तथा उसमें रखे मध्याह्न भोजन बनाने वाले बर्तन तथा बच्चों को खिलाने वाली थालियां गायब है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय चार जुलाई 2024 की रात भी चोरों ने किचन का ताला तोड़कर उसमें रखे एमडीएम आठ क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई थी।

## महाराजगंज में नामांकन को प्रशासन रहा अलर्ट

**महाराजगंज (सिवान)।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का नामांकन शुक्रवार से शुरू हो गया। अनुमंडल कार्यालय में महाराजगंज तथा डीसीएलआर कार्यालय में गोरेयाकोठी विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू हुआ। वहीं नामांकन को ले विधि-व्यवस्था पूरी तरह चौकस दिखी। सभी ड्राप गेट पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नामांकन अवधि के समय ड्राप गेट पर प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी ली जा रही थी। प्रशासन पूरा चौकस दिखा। महाराजगंज विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ अनीता सिन्हा ने बताया कि नामांकन कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिचय पत्र आवंटित किया गया है। सबको परिचय पत्र लटका कर रखना है। कार्य की वीडियोग्राफी की जा रही है। गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमन आनंद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठे रहे। नामांकन के लेकिन पहले दिन दोनों विधानसभा क्षेत्र के एक भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन का पर्चा नहीं भरा गया।

## 60 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

भगवानपुर हाट (सिवान)। थाना की गश्त दल ने कोइरीगांवा गांव में छापेमारी कर 60 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान महाराजगंज थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी हरेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। कार्रवाई के बाद शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया।

## गोरेयाकोठी : गोली मारने की घटना में हथियार संग गिरफ्तार दो आरोपित भेजे गए जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी पुलिस ने सिसई महुआ टोला में सुजीत कुमार को गोली मारने के आरोप में दो आरोपितों को हथियार संग गिरफ्तार कर लिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सिसई गांव के ही नितेश कुमार व मिथिलेश कुमार को एक पिस्टल, तीन गोली एवं एक मैगजीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में एक आरोपित फरार चल रहा है। उसकी भी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि सिसई महुआ टोला में आपसी विवाद में छात्र सुजीत कुमार को गोली मार दी गई थी। इस मामले में घायल के फर्द बयान पर तीन लोगों को आरोपित किया गया था।

## चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

**सिवान।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को जिला पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कार, मालवाहक वाहन एवं बाइकों की तलाशी गई। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी तरह के वाहनों कार, बाइक, आटो और मालवाहक ट्रकों को रोक कर तलाशी ली जा रही है। जांच का मुख्य उद्देश्य अवैध नकदी, शराब, हथियारों और मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य आपत्तिजनक सामग्री की आवाजाही पर रोक लगाना है। साथ ही वाहनों के कागजात की जांच की जा रही है। सभी मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है।

## मुजफ्फरपुर में दो वाहनों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थानाक्षेत्र के खेमाईपट्टी गांव में ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत में चार की मौत हो गई है, जबकि दो लोगों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर शाम मुजफ्फरपुर के मीनापुर में समस्तीपुर जिले के सीयूरी स्थान से मेला देखकर 20 से 25 की संख्या में लोग पिकअप वाहन से घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में मीनापुर के खेमाईपट्टी और दरही पट्टी के बीच पिकअप-ट्रैक्टर की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अभी तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।मृतकों के आश्रितों ने बताया कि सभी मृतक पिकअप के डाला में बैठकर समस्तीपुर के सीयूरी मेला देखने गए थे। अधिकांश लोग मीनापुर थाना क्षेत्र के ही अलग-अलग गांव के थे। मेला देखकर लौटने के क्रम में पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर हुई है। मृतकों में मीनापुर के पूरनिया निवासी तीन लोग हैं, जबकि चौथा दूसरे गांव का है।स्थानीय थाना के 112 पर तैनात एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि गस्ती के क्रम में उन लोगों ने देखा कि एक पीकअप और ट्रैक्टर में टक्कर हो चुकी है। कुछ को लोकल गाड़ी से और शेष को पुलिस गाड़ी से एसकेएमसीएच लाया गया। घटना में तीन वयस्क और एक बच्ची की मौत हो गई है, जबकि दो महिलाएं गंभीड़ रूप से घायल हैं।

